सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2026-27

कक्षा:-8	विषय: अमृत संचय	पाठ:7

प्रश्न १) कन्या का नाम चाव से क्यों रखा गया?

उत्तर) कन्या का नाम निरुपमा, चाव से इसलिए रखा गया क्योंकि उसका जन्म रामसुंदर के पाँच लड़कों के बाद हुआ था और वह अपने माता-पिता के लिए अतुलनीय थी।

प्रश्न २) रायबहादुर विवाह क्यों रोकना चाहते थे?

उत्तर) दहेज की पूरी रकम न मिलने के कारण रायबहादुर विवाह रोकना चाहते थे।

प्र०३) रामसुंदर मकान क्यों बेचना चाहते थे ?

उत्तर) रामसुंदर मकान बेचकर दहेज की पूरी रकम इसलिए चुकाना चाहते थे ताकि उनकी पुत्री की ससुराल में उचित सम्मान मिल सके तथा वह अपने माता-पिता से मिलने अपने घर आ सके।

प्रश्न ४) डिप्टी मजिस्ट्रेट ने अपने पत्र में क्या लिखा ?

उत्तर) डिप्टी मजिस्ट्रेट ने अपने पत्र में यह लिखा कि "मैंने यहाँ पर सब प्रबंध कर लिया कर लिया है, अतएव अविलंब मेरी पत्नी को यहाँ भेज दिया जाए।“

प्र०५) दहेज प्रथा के विषय घर में अपने विचार बताओ।

305) हमारे विचार में दहेज प्रथा एक समाजिक बुराई है। इससे कन्या के माता-पिता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ता है और समाज में असमानता बढ़ती है इसलिए हमें दहेज-प्रथा विरोध करना चाहिए।